C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 30 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 16 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## दिल्लीः ओल्ड गोविंदपुरा में मकान में लगी भीषण आग, 2 की मौत, 4 झुलसे; पावर बैंक बनाने का काम चल रहा था

**भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली के जगतपुरी थाना क्षेत्र स्थित ओल्ड गोविंदपुरा इलाके में मंगलवार रात एक मकान में भीषण आग लग गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग झुलस गए। घर में कुल 10 लोग फंसे थे, जिनमें से 6 को दमकल कर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मृतकों की पहचान 28 वर्षीय तनवीर और नुसरत के रूप में हुई है। जबकि फैजल और 18 वर्षीय आसिफ घायल हैं और अस्पताल में उपचाराधीन हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिस मकान में आग लगी, वहां पावर बैंक बनाने का कार्य किया जा रहा था। एक पड़ोसी युवक ने बताया, ÷हमने तेज धमाके की आवाजें सुनीं। लगा कोई तूफान आ गया है। जैसे ही




दरवाजा खोला, आग की लपटें हमारे घर की ओर बढ़ने लगीं। हम छत से जान बचाकर भागे।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फायर ऑफिसर दीपक हुड्डा में बताया कि आग लगने की सूचना रात करीब 8¬46 बजे मिली थी।

शाहदरा के डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि मौके से 10 लोगों को बाहर निकाला गया, जिनमें से 4 घायल थे। सभी को डॉ. हेडगेवार अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल आग लगने के कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी की आशंका जताई गई है। पुलिस मामले जाँच में जुटी है ।

## पीहर आई विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित हरिजन कॉलोनी में पीहर आई एक विवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान पूजा (30) पत्नी अर्जुन गेंगट निवासी मूंडवा, जिला चित्तौड़गढ़ के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार पूजा कुछ दिन पहले ही ससुराल से पीहर आई थी। सोमवार शाम परिजनों ने जब उसे आवाज दी तो कोई जवाब नहीं मिला। कमरे में देखा तो वह फंदे से लटकी मिली। परिजन तुरंत हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली एएसआई कमलेश कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चला है। मृतका की शादी को 10 साल हो चुके हैं , वो दो बच्चों की मां थी।

## नगर पालिका बनी, पर सिस्टम गायब – बीगोद में अधिकारियों की गैरहाजिरी से जनता बेहाल

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद**

ग्राम पंचायत से नगर पालिका का दर्जा मिलने के तीन महीने बाद भी बीगोद कस्बे में व्यवस्थाएं पटरी पर नहीं आ पाई हैं। मंगलवार को नाराज नागरिकों ने नगर पालिका कार्यालय की छत पर चढ़ प्रदर्शन कर प्रशासन के प्रति रोष जताया और जल्द स्थायी अधिकारी नियुक्त करने की मांग की।




### कामकाज ठप, लोग हो रहे परेशान

कांग्रेस नेता मुनीर लोहार ने बताया कि नगर पालिका बनने के बाद से नागरिकों के छोटे-छोटे काम भी अटक गए हैं। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सफाई, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट जैसे काम प्रभावित हैं। नगर पालिका कार्यालय पर कोई स्थायी अधिकारी नहीं बैठ रहा, जिससे लोग अपनी समस्याएं तक नहीं बता पा रहे।

### ईओ को अतिरिक्त कार्यभार, फिर भी उपस्थिति नहीं

बिजौलिया नगर पालिका ईओ पंकज कुमार को बीगोद नगर पालिका का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था, लेकिन वे भी नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित नहीं हो रहे। इससे बीगोद सहित 11 गांवों के हजारों लोगों का कामकाज प्रभावित हो रहा है।

### प्रदर्शन और चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान योगेश सोनी, दीपक गहलोत, वहाब मुल्तानी, सिकंदर लोहार, गोर्धन मेवाड़ा, साजिद लोहार, इलियास लोहार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने चेताया कि यदि जल्द स्थायी व्यवस्था नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### इनका कहना है -

नगर पालिका में फिलहाल जन्म-मृत्यु पंजीकरण, सफाई और रोशनी जैसे कार्य किए जा रहे हैं। अन्य कार्य जैसे भूमि पट्टे और संपत्ति मूल्यांकन, चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ही संभव हैं।

**— पंकज कुमार मंगल, अधिशाषी अधिकारी, बीगोद**

## डोडा-चूरा तस्करी में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरफ्तार, 121 किलो जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़**

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) की इंदौर यूनिट ने भादसोड़ा के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक व्यास उर्फ पारलिया को 121 किलो डोडा-चूरा के साथ दबोच लिया। टीम ने बानसेन-साँवरिया जी मार्ग पर नरबदिया के पास कार को घेर कर बरामदगी की। जानकारी के अनुसार पारलिया लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में संदिग्ध था और उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत जांच चल रही थी। लोकेशन ट्रेस होते ही सीबीएन ने पीछा कर उसे कार समेत पकड़ लिया।

आरोपी को सोमवार को रातभर मंडफिया थाने में रख कर सुरक्षा कारणों से कड़ी निगरानी में रखा गया। मंगलवार सुबह अदालत में पेशी के बाद एजेंसी उसे इंदौर ले गई। पुलिस का कहना है कि मामले में किसी भी तरह का राजनीतिक दबाव प्रभावी नहीं होने दिया गया।

## वीडियो कोच से 4.32 लाख रुपये कीमत की अंग्रेजी शराब जब्त, चालक, परिचालक सहित तीन गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**

गंगापुर - वीडियो कोच बस में तीन ट्रॉली बैग में छिपाकर कर ले जाई जा रही 4 लाख 32 हजार रुपये कीमत की अंग्रेजी शराब की 109 बोतलें, कार्रवाई के बाद इस तरह की अवैध सामग्री परिवहन करने वाली ट्रैवल्स बसों से जुड़े लोगों में खलबली मच गई। कारोई थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ, शराब व अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत कारोई पुलिस ने तहसील कार्यालय के सामने नाकाबंदी की। इस दौरान भीलवाडा की ओर से जिंग ट्रैवल्स की एक बस आई । पुलिस ने बस को रोका। बस




की डिक्की को चेक किया तो उसमें सवारियों के लगेज के बीच तीन बड़े ट्रॉली बैग मिले, जिनकी जांच करने पर उनमें नौ कटर्न में विभिन्न ब्रांडों की भारत निर्मित विदेशी शराब की 108 बोतलें मिली। शराब की कीमत चार लाख 31 हजार रुपये है। पुलिस ने अवैध शराब सहित बस को जब्त कर हरियाणा के भिवानी जिले के बामला ग्राम निवासी चालक सुन्दर पुत्र जगदीश धानका उमु 37 वर्ष, परिचालक श्रीगंगानगर के रावलमंडी थाना क्षेत्र निवासी अविनाश कस्वा पुत्र भूपराम कस्वा, विश्नोई व कन्नोजिया की ढाणी धाबाई का खेड़ा, भदेसर चित्तौड़ग़ढ़ निवासी विनोद पुत्र नानुराम रेबारी उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी के साथ एएसआई दयाल राजोरा, दीवान मुकेश कुमार, कांस्टेबल अशोक, राजपाल (विशेष योगदान), खेमराज, राधेश्याम, दिनेश कुमार, रामचंद्र और विजेंद्र सिंह शामिल थे।




## बूंदी बस स्टैंड चाकूबाजी मामला- दो आरोपी गिरफ्तार, चाकू और बाइक बरामद




**भीलवाड़ा फोकस @ बूंदी**

शहर के बस स्टैंड पर हुई चाकू मारने की वारदात में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू और मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि घटना 9 जुलाई की रात करीब 11 बजे हुई थी, जब मोहित सैनी बस स्टैंड पर किसी कार्य से आया था। इसी दौरान आरोपी बिट्टू उर्फ गंजा ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पीड़ित को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। मामले में आगे की जांच जारी है।

C M Y K

# गौसेवा के लिए हरि शेवा धर्मशाला ट्रस्ट ने दिया 51 हजार रुपए का सहयोग



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

घायल व असहाय गोवंश की सेवा के लिए श्री गौ सेवा मित्र मंडल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रयासों को प्रोत्साहन देते हुए हरि शेवा धर्मशाला ट्रस्ट के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने 51,000 रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

यह आयोजन हरि शेवा धर्मशाला परिसर में हुआ, जिसमें संत मायाराम, गोविंद राम, हेमंत वच्छानी, मनीषा जाजू, रवीन्द्र जाजू, सुभांशु जैन, शुभम सोनी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वामी हंसराम ने कहा कि गौसेवा हमारी संस्कृति की आत्मा है, और घायल गोवंश की सेवा मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने समाज से इस कार्य में अधिक से अधिक सहयोग की अपील की।

गौ सेवा मित्र मंडल ने आभार जताते हुए कहा कि यह राशि पूरी तरह गोवंश के उपचार में उपयोग की जाएगी। सचिव हेमंत वच्छानी ने लोगों से इस पुण्य कार्य में सहभागी बनने की अपील की।

# छोटी उम्र, बड़ा संकल्पः श्रेया कुमावत से प्रभावित हुईं सहायक वन संरक्षक मुन्नी चौधरी

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही शाहपुरा मॉडल स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा श्रेया कुमावत ने हाल ही में भीलवाड़ा वन विभाग कार्यालय में सहायक वन संरक्षण अधिकारी मुन्नी चौधरी से भेंट की। श्रेया ने सीड बॉल निर्माण, औषधीय पौधों के वितरण और ÷हर घर हरियाली अभियान के तहत किए गए कार्यों की जानकारी दी और दो बॉक्स छायादार वृक्षों के सीड बॉल भेंट किए। उन्होंने कर्मचारियों को भी इको-फ्रेंडली बीज पोटलियां वितरित कीं। मुन्नी चौधरी ने श्रेया की सराहना करते हुए कहा, ÷ऐसे बच्चे ही देश को हरियाली की ओर ले जाएंगे, श्रेया आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं।

# भीलवाड़ा में पंचायती चुनाव लड़ेगी आजाद समाज पार्टी

## चारों विधानसभा क्षेत्रों में पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी पार्टी



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

पंचायतीराज चुनाव को लेकर आजाद समाज पार्टी ने भीलवाड़ा जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों - जहाजपुर, शाहपुरा, मांडल और कोटड़ी - में चुनाव लड़ने की घोषणा की है। यह जानकारी जिला अध्यक्ष चिरंजीलाल एवं जहाजपुर-कोटड़ी विधानसभा प्रत्याशी भैरूलाल रेगर ने दी। रेगर ने बताया कि पार्टी सीआर, डीआर और पार्षद पदों पर पूरे दमखम से चुनाव लड़ेगी। पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक संगठनात्मक नियुक्तियाँ की जा रही हैं। कार्यकर्ता गांव-गांव में संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान और मजदूरों की आवाज बनकर पार्टी हर मुद्दे पर संघर्ष करेगी। प्रचार प्रसार मंत्री, जिला सचिव, विधानसभा प्रभारी सहित कई पदों पर नियुक्तियाँ हो चुकी हैं और टीम पूरी तैयारी के साथ काम कर रही है।


' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ


# विधायक गोपीचंद मीणा श्याम दरबार में पहुंचे पदयात्रा के साथ, पत्नी संग लगाई धोक





**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

विधायक गोपीचंद मीणा के 50वें जन्मदिन के अवसर पर सरसिया से शुरू हुई तीन दिवसीय श्याम पदयात्रा मंगलवार को कोटड़ी पहुंची। 68 किमी लंबी इस यात्रा में हजारों समर्थक शामिल हुए। जयकारों और ध्वजों के साथ श्रद्धालुओं ने नगर में प्रवेश किया। कोटड़ी स्थित श्याम मंदिर में विधायक मीणा ने पत्नी सरमा मीणा के साथ दंडवत धोक लगाई और क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की।

सोमवार रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार को पदयात्रा कोटड़ी कृषि मंडी पहुंची, जहां बैंड-बाजों, भजनों और पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत हुआ। नगर की गलियों से होती हुई यात्रा मंदिर तक पहुंची।

मंदिर परिसर में चारभुजा नाथ के जयकारों के बीच विधायक को मेवाड़ी पगड़ी, माला और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। श्याम ध्वजा को उन्होंने मंदिर शिखर पर फहराया और कहा, ÷मेरा कुछ नहीं, सब श्याम धणी का है।

जन्मदिन के अवसर पर कार्यकर्ता केक लेकर पहुंचे, लेकिन विधायक ने उसे काटने से इनकार करते हुए कहा, ÷हम जोड़ने वाले हैं, काटने वाले नहीं।÷ इसके स्थान पर उन्होंने पौधारोपण का आह्वान किया और महंत लक्ष्मण दास महाराज के सान्निध्य में पौधारोपण की शुरुआत की।

इस आयोजन में प्रधान करण सिंह, उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर, एएसपी राजेश आर्य, सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, श्रद्धालु व ग्रामीण उपस्थित रहे।

एहतियातन पारोली, काछोला और कोटड़ी थाना पुलिस की तैनाती भी की गई थी।

यह आयोजन भक्ति, सेवा और जनसंपर्क का अद्भुत संगम बन गया।

# बुनियादी सुविधाओं को तरस रहीं कॉलोनियां, कॉलोनीवासियों ने उठाई आवाज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



एवरग्रीन रेजिडेंसी, रूकमणि कॉलोनी और मातेश्वरी कॉलोनी में सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर कॉलोनीवासियों ने राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन के बैनर तले जिला कलेक्टर के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। युवा जिला अध्यक्ष अभिषेक जोशी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि तीनों कॉलोनियों में लगभग 300 परिवार निवास करते हैं। नगर विकास न्यास द्वारा पट्टे जारी किए जा चुके हैं, लेकिन अब तक सड़क, नाली और लाइट जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई गई हैं। बारिश में कीचड़ और जलभराव के कारण राहगीरों को परेशानी होती है, वहीं रात के अंधेरे में सांप-बिच्छू जैसे जीवों के काटने और चोरी-डकैती की आशंका बनी रहती है। कॉलोनीवासियों ने पूर्व में नगर विकास न्यास सचिव, नगर परिषद महापौर और स्थानीय विधायक को भी ज्ञापन देकर समस्या बताई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कॉलोनीवासियों ने जिला कलेक्टर से शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर राहत प्रदान करने की मांग की है।

ज्ञापन देने के दौरान संगठन के प्रदेश महासचिव एडवोकेट संजय जोशी, जिला महासचिव मोतीलाल सिंघानिया, महिला जिला अध्यक्ष एडवोकेट महिमा गुर्जर, युवा जिला उपाध्यक्ष रजत माथुर, सतीश सोनी, करण सिंह, प्रकाश शर्मा, राहुल, अक्षय दुबे, सत्तू, राजू, कमलेश, सोनू शर्मा, ममता कंवर, चंचल शर्मा सहित कई पदाधिकारी और कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर डिजिटल स्किल्स शिविर आयोजित, युवाओं ने सीखी AI और इंटरनेट की बारीकियां

**भीलवाड़ा फोकस @ फूलियाकलां**



विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में टीम भगत सिंह आर्मी के सहयोग से एक दिवसीय डिजिटल स्किल्स शिविर का आयोजन हुआ।

शिविर में युवाओं को कंप्यूटर की बेसिक जानकारी, इंटरनेट का उपयोग, डिजिटल सुरक्षा, ऑनलाइन शिक्षा के साधन और AI टूल्स के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में बालक-बालिकाओं ने भाग लिया और तकनीकी ज्ञान के प्रति रुचि दिखाई। प्रशिक्षकों ने सरल भाषा में मार्गदर्शन देते हुए युवाओं के प्रश्नों का समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में मुकेश तोषनीवाल और सौभाराम कीर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। आयोजकों ने भविष्य में और भी ऐसे प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की घोषणा की।



QUICK BITES

## भगवान सवारियां सेठ की पांचवीं पदयात्रा का शाहपुरा में भव्य स्वागत, त्रिमूर्ति चौराहे पर नगर कांग्रेस ने की पुष्पवर्षा

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



भगवान सवारियां सेठ की आस्था से जुड़ी पांचवीं पदयात्रा का मंगलवार को शाहपुरा नगर में भव्य स्वागत किया गया। जैसे ही पदयात्री त्रिमूर्ति चौराहे पर पहुंचे, नगर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने फूलों की वर्षा कर श्रद्धा और उल्लास का माहौल बना दिया।

इस अवसर पर नगर कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश सेन, महामंत्री ओम सिंधी, वरिष्ठ नेता सुनील मिश्रा, पूर्व उपाध्यक्ष नमन ओझा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार वाहन ने हाईवे पर कुचला गौवंश, 300 फीट तक घसीटने से दर्दनाक मौत



भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद

नेशनल हाईवे पर मंगलवार तड़के एक तेज रफ्तार वाहन ने सड़क पर बैठे गौवंश को कुचल दिया, जिससे एक गाय और बछड़े की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह मृत गौवंश को लगभग 300 फीट तक घसीटता चला गया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृत पशुओं को सड़क से हटवाया।

ग्रामीणों ने बताया कि रात और सुबह के समय हाईवे पर अवैध बजरी से भरे ट्रेलर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियाँ बेतहाशा दौड़ती हैं। इन वाहनों के कारण न केवल गौवंश की जान जा रही है, बल्कि गांवों की सड़कें भी खराब हो चुकी हैं और हादसों की संख्या बढ़ रही है।

कोठारी और बनास नदी से बजरी का अवैध दोहन खुलेआम जारी है, परंतु प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे लोगों में नाराजगी है।

## भगवान महावीर का दर्शन सिखाता है जीवन जीने की कला - महासाध्वी महाप्रज्ञाजी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



सुभाषनगर स्थानक में महासाध्वी कुमुदलता जी म.सा. के सान्निध्य में चातुर्मासिक प्रवचनों का आयोजन हो रहा है। मंगलवार को आयोजित धर्मसभा में महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने कहा कि भगवान महावीर का दर्शन हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। जिनवाणी का श्रवण और उसका जीवन में प्रयोग, मानव को नर से नारायण बना सकता है।

य को न अभाव में जीना चाहिए न प्रभाव में, बल्कि अपने स्वभाव में जीना चाहिए। राग-द्वेष, काम, क्रोध और मोह से मुक्ति पाकर ही परमसुख प्राप्त हो सकता है।

साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा. ने सुख विपाक सूत्र का वाचन करते हुए शुभ भावों के महत्व को बताया और सामायिक आराधना की प्रेरणा दी। राजकीर्तिजी म.सा. का भी सान्निध्य प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में बेंगलुरु से पधारी सुश्राविका रतनदेवी का स्वागत महिला मंडल की निर्मला भड़कत्या एवं लीला कोठारी ने किया। संचालन राजेन्द्र सुराना ने किया।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में राजीविका की 45 क्लस्टरों की कार्यशाला संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा







राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना (राजीविका) के अंतर्गत मंगलवार को जिले के सभी ब्लॉक्स से जुड़े 45 क्लस्टरों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में क्लस्टर मैनेजर, सीएलएफ अकाउंटेंट और सीएलएफ अध्यक्ष शामिल हुए।

राजीविका से अमित जोशी ने बताया कि कार्यशाला में क्लस्टरों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा, ग्रेडिंग और सरकारी योजनाओं से समन्वय पर चर्चा हुई। इसमें आत्मनिर्भर बनी महिलाओं की प्रेरणादायक कहानियों को साझा किया गया, जिससे यह पता चला कि समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में किस प्रकार का सकारात्मक परिवर्तन आया है।

क्लस्टर मैनेजर जयश्री टाक ने बताया कि राजीविका से जुड़ने के बाद उन्हें मुख्यमंत्री से मिलने का अवसर मिला और आर्थिक रूप से मजबूती मिली। लेखापाल पूजा स्वामी ने कहा कि वह 5 हजार महिलाओं के खातों का प्रबंधन कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं। संध्या बैरवा ने बताया कि महिला निधि बैंक से ऋण लेकर उन्होंने स्वरोजगार शुरू किया और अब 3 हजार महिलाओं को भी ऋण दिलवाकर आजीविका में बढ़ोतरी कर रही हैं। मरुधर कंवर ने कहा कि वे स्वयं ऋण लेकर आर्थिक रूप से सक्षम बनी हैं और 4 हजार महिलाओं के जीवन में बदलाव ला रही हैं। कार्यशाला में जिला प्रबंधक रामप्रसाद शर्मा, ब्लॉक परियोजना प्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा, आरपीएआरपी भगवती और लक्ष्मण भी उपस्थित रहे।

## भगवान देवनारायण मंदिर देव डूंगरी पर गुर्जर समाज ने किया वृक्षारोपण

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



गुर्जर समाज द्वारा देव डूंगरी स्थित भगवान देवनारायण मंदिर परिसर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में कई छायादार व फलदार पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन में समाज अध्यक्ष नेवालाल गुर्जर की प्रेरणा से यह पर्यावरणीय पहल की गई।

इस अवसर पर दयाराम गुर्जर, भोजराज गुर्जर, नंदलाल गुर्जर, रमेश गुर्जर, शिवजी चंद्रवाल, गोपालजी, रामलाल गुर्जर, महेंद्र गुर्जर, संजय गुर्जर, शंभूजी, रामस्वरूप, किशनलाल, बद्रीलाल, रामपाल गुर्जर, राम गुर्जर, रतीराम गुर्जर, भेरूलाल गुर्जर, गिरधारीलाल गुर्जर, नंदलाल, लादूलाल और हेमराज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पीएमश्री विद्यालय मांडल में 111 पौधों का रोपण, माहेश्वरी सेवा समिति ने ली देखरेख की जिम्मेदारी

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल





माहेश्वरी सेवा समिति भीलवाड़ा द्वारा मंगलवार को पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मांडल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्यमी रामनारायण बिड़ला और अध्यक्षता जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष अशोक बाहेती ने की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में 111 पौधे लगाए गए, जिनकी देखरेख की जिम्मेदारी समिति ने ली। रामनारायण बिड़ला ने कहा, जब तक पृथ्वी पर पेड़ों का अस्तित्व है, तब तक ही मानव सभ्यता का अस्तित्व संभव है।÷ वहीं अशोक बाहेती ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण को पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी बताया।

इस अवसर पर प्राचार्य विनीत शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष सुरेश चंद्र बिड़ला, रामराय सेठिया, पवन मंडोवरा, चंदा झंवर, श्याम बिड़ला, सत्येंद्र बिड़ला, ओम बिड़ला, प्रमोद इनानी, सहित समिति सदस्य, विद्यालय स्टाफ व छात्र उपस्थित रहे। संचालन श्याम सुंदर बिड़ला ने किया तथा अंत में आभार समिति अध्यक्ष ने व्यक्त किया।

## भीलवाड़ा लेडीज़ सर्कल की अकांक्षा नामा अध्यक्ष, ऋषिका सबरवाल सचिव नियुक्त



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

लेडीज़ सर्कल 198 की वार्षिक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में सर्वसमिति से अकांक्षा नामा को अध्यक्ष, खुशबू जैन को उपाध्यक्ष, ऋषिका सबरवाल को सचिव एवं राधिका पारिक को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एसीपी तबस्सुम सेफी पठान, एएसटी सकीना सिम्गलवाला एवं विशिष्ट अतिथि चारु बियानी उपस्थित रहीं। अध्यक्ष अकांक्षा नामा ने अपने विज़न को साझा करते हुए कहा कि इस वर्ष का उद्देश्य है हर महिला को उसके हुनर के अनुसार प्रोत्साहित कर, एक-दूसरे को सशक्त बनाना। इस विशेष दिन पर भीलवाड़ा लेडीज़ सर्कल 198 द्वारा एक बालिका की वार्षिक ट्यूशन फीस का भुगतान भी किया गया।

## जिला कलेक्टर ने दी सख्त हिदायत: शिकायतों का त्वरित व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण हो प्राथमिकता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

कलेक्टर जसमीत सिंह संधु की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई नियमित करें, परिवादों का त्वरित व संतुष्टिपूर्ण समाधान करें, और संपर्क पोर्टल पर आने वाली शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाएं। उन्होंने ई-फाइल प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू कर लंबित फाइलों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, राजकीय भूमि की सुरक्षा और बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिले के समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बंशीलाल माली बने माली (सैनी) महासभा के माण्डल तहसील अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल



राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के जिला अध्यक्ष भैरूलाल माली की अनुशंसा पर प्रदेश महामंत्री गोपाललाल माली ने केरिया निवासी बंशीलाल माली (कच्छावा) को माण्डल तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया है।

नव नियुक्त तहसील अध्यक्ष बंशीलाल माली को निर्देशित किया गया है कि वे शीघ्र ही माण्डल तहसील कार्यकारिणी का गठन कर उसकी सूचना प्रदेश मुख्यालय को प्रेषित करें।

# सावर में हिंदू समाज का चेतावनी प्रदर्शनः देवस्थानों पर हमले और नशाखोरी पर 15 दिन में कार्रवाई की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी




(दिलखुश मोटीस) सावर क्षेत्र में लगातार हो रही देवस्थानों में चोरी, गौमाता पर हमले और मंदिर परिसरों में नशाखोरी की घटनाओं के विरोध में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में हिन्दू समाज ने तहसील कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित समाजजनों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए 15 दिन में ठोस कार्रवाई की मांग की। चेतावनी दी गई कि यदि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो उग्र आंदोलन होगा।


ज्ञापन में बताया गया कि सावर बस स्टैंड स्थित खादू श्याम मंदिर में नकाबपोश चोर ताला तोड़ते हुए सीसीटीवी में साफ दिखे, लेकिन पुलिस अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं कर सकी। जसवंतपुरा गांव में गौमाता पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने की घटना को गौहत्या का प्रयास बताया गया। परिषद ने पूछा, जब गौमाता ही सुरक्षित नहीं, तो आमजन कैसे सावर के कई मंदिरों में असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों का जमावड़ा होने की शिकायत भी की गई। श्रद्धालुओं में भय का माहौल है और धार्मिक स्थलों की पवित्रता खतरे में पड़ी है।

महेन्द्र साहू, महेश कुमार, दीपक कोली सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# नेवरिया-जवासिया लिंक रोड दो साल से अधर में, डीएमएफटी के 70 लाख भी बेअसर

## 21 माह बाद भी नहीं बना ढाई किमी मार्ग, बारिश में राहगीर हो रहे चोटिल





भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़

नेवरिया से जवासिया तक की लिंक रोड पर दो साल पहले डीएमएफटी फंड से 70 लाख रुपए स्वीकृत हुए, मगर सड़क निर्माण अब तक शुरू नहीं हो पाया है। ठेकेदार द्वारा अक्टूबर 2023 में कार्य प्रारंभ का बोर्ड तो लगा दिया गया, लेकिन मौके पर अब भी कीचड़ और गड्ढों का ही राज है।

### बरसात में बना जानलेवा रास्ता

ढाई किलोमीटर का यह मार्ग बारिश में पूरी तरह दलदली हो जाता है, जिससे दुपहिया वाहन चालक फिसलकर घायल हो रहे हैं। वहीं, भीलवाड़ा सीमा तक पक्की सड़क मिलते ही चित्तौड़गढ़ सीमा में प्रवेश करते ही यह मार्ग कच्चा हो जाता है।

### सुविधाएं अटकी, खर्च बढ़ा

इस मार्ग के पूर्ण होने पर लोगों को दूरी और समय दोनों की बचत होती, मगर निर्माण में देरी के चलते अब ईंधन व वाहन मरम्मत खर्च में इज़ाफा हो रहा है। आसपास के गांवों की संपर्क सुविधा भी प्रभावित हो रही है।

### प्रशासन और जनप्रतिनिधि मौन

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि न तो पीडब्ल्यूडी विभाग ने ठेकेदार पर कोई कार्रवाई की और न ही जनप्रतिनिधियों ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया। यहां तक कि रात्रि चौपालों में भी इसका कोई ज़िक्र नहीं हुआ। क्षेत्रवासियों ने जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है ।

# धाकड़ समाज का पौधारोपण व सम्मान समारोह आयोजित, राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र नागर रहे मुख्य अतिथि

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा






बाबा बैद्यनाथ महादेव मंदिर परिसर, सोनियाणा-रलायता में विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट एवं श्री धाकड़ महासभा के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं महासभा के नव-नियुक्त जिला स्तरीय पदाधिकारियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव नरेंद्र नागर ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने बाबा बैद्यनाथ महादेव के दर्शन व पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करवाई गई तथा मंदिर परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान सम्मान समारोह में संरक्षक एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़, चंद्रप्रकाश धाकड़ , राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष राजश्री नागर , प्रदेश अध्यक्ष इंद्र सिंह मंडलोई, महिला प्रदेश अध्यक्ष दीपशिखा धाकड़ , उप प्रधान बिजोलिया कैलाश धाकड़ , उप प्रधान मांडलगढ़ बंटी धाकड़ मौजूद रहे । इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला व तहसील स्तर के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### भाईचारा कमेटी के दफ्तर का हुआ उद्घाटन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




सांप्रदायिक सद्भाव एवं भाईचारा बढ़ाने के साथ ही सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई गतिविधियों के संचालन के लिए स्थापित की गई सुभाष नगर भाईचारा कमेटी का विधिवत रूप से दफ्तर खोला गया ।

कमेटी के दफ्तर का उद्घाटन मुस्लिम महा पंचायत के प्रधान महासचिव शहजाद खान ने किया । इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष नाहर खां कायमखानी, महासचिव डॉ. फखरुद्दीन मंसूरी, नायब सदर फूल खां कायमखानी, कोषाध्यक्ष फखरुद्दीन शेख, बाबू भाई मंसूरी, फिरोज खान, कमालुद्दीन पठान, सलीम मंसूरी सहित कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद थे । इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि कमेटी भाईचारे के साथ-साथ समाज के विकास कार्यों में योगदान देगी और समय-समय पर रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई से पूर्व अधिकारियों को कार्यालय में जनसुनवाई के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिला कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में 17 जुलाई को जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनसुनवाई से एक दिन पूर्व, बुधवार 16 जुलाई को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक अपने-अपने कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित कर लंबित प्रकरणों व शिकायतों का निस्तारण करें।

कलक्टर ने कहा कि इससे आमजन की समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित हो सकेगा। कोई भी नागरिक अपनी शिकायत बुधवार को संबंधित विभाग में प्रस्तुत कर सकता है, जिसे अधिकारी मौके पर ही निपटाएंगे।

### भीलवाड़ा की डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर निभाएंगी हाड़ी रानी का किरदार, ऐतिहासिक फिल्म की शूटिंग हुई शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



राजस्थान की गौरवशाली इतिहासगाथा में शामिल वीरांगना हाड़ी रानी की कहानी अब बड़े पर्दे पर जीवंत होने जा रही है। मेवाड़ की इस अमर बलिदानी पर आधारित फिल्म की शूटिंग का शुभारंभ हो गया है, जिसमें भीलवाड़ा की डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर (राजस्थानी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री) हाड़ी रानी की मुख्य भूमिका निभा रही हैं। फिल्म का निर्देशन गुलाबपुरा निवासी मूलचंद छतवानी कर रहे हैं, जबकि किशोर छतवानी सह-निर्देशक के रूप में कार्यरत हैं। फिल्म का मुहूर्त मसूदा क्षेत्र स्थित विजयनगर के बडली फोर्ट में संपन्न हुआ, जहां सलूंबर राजघराने की कुलदेवी की पूजा के साथ हाड़ी रानी के विवाहोपरांत स्वागत दृश्य का फिल्मांकन किया गया। फिल्म में राजस्थानी गीतकार यश राठौड़ राव चूड़ावत की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि हाड़ी रानी की सहेली भानू कंवर के रूप में 'आपणी विरासत' शो-रूम की संचालिका प्रियंका राठौड़ नजर आएंगी। इस ऐतिहासिक फिल्म में भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ सहित पूरे मेवाड़ क्षेत्र के कलाकार अभिनय कर रहे हैं। डीओपी शुभम गोस्वामी और चेतन चौधरी फिल्म की सिनेमैटोग्राफी की ज़िम्मेदारी निभा रहे हैं। सह-निर्देशक किशोर छतवानी के अनुसार, फिल्म का फिल्मांकन मेवाड़ के विभिन्न ऐतिहासिक दुर्गों व स्थलों पर किया जाएगा।

### नगर निगम के अभिषेक कार्यक्रम में उमड़ा आस्था का सैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



श्रावण मास में नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा आयोजित 70 वार्डों में 70 शिव अभिषेक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी देखी जा रही है। पांचवें दिन वार्ड 49 के रोकड़िया गणेश मंदिर, वार्ड 32 के वीर सावरकर चौक शिवालय और वार्ड 38 के मंगला चौक मंदिर में सहस्त्रधारा अभिषेक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व महापौर राकेश पाठक ने किया। आचार्य योगेंद्र शास्त्री व टीम ने विधि संपन्न करवाई। इस मौके पर पार्षद, पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, स्थानीय नागरिक और श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आज का अभिषेक वार्ड 55 के नीलकंठ महादेव मंदिर में होगा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890